लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

वित्त समिति की कार्यवृत्ति

वित्त समिति की बैठक दिनॉक 25 जून, 2014 को सांय 4.00 बजे प्रशासनिक भवन स्थित कमेटी हाल में आहूत की गयी।

बैठक में निम्नांकित अधिकारीगण उपस्थित रहे:–

1.	डॉ0 एस.बी. निमसे	कुलपति	अध्यक्ष
2.	श्री विद्यासागर शुक्ल	विषेश सचिव (वित्त)	सदस्य
3.	कै0 अमिताभ प्रकाश	कुलसचिव	सदस्य
4.	प्रो0 ए.के. शर्मा	परीक्षा नियंत्रक	सदस्य
5.	प्रो0 ए. चटर्जी	वित्त अधिकारी	सचिव(सदस्य)

बिन्दु सं0–1:– गत वित्त समिति की बैठक दिनॉक 11 मार्च, 2014 के बिन्दु सं0–2 (अ) के (घ), (ड.) एवं अन्य बिन्दु संख्या–01 एवं 02 पर तथा दिनॉक 07 मई, 2014 के बिन्दु संख्या–01 एवं अन्य बिन्दु संख्या–01 एवं 02 पर सर्वसम्मति से समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु सं0–2:– वित्तीय वर्ष 2012–13 का आर्थिक चिट्ठा एवं बैंक समाधान विवरण पर सम्यक विचारोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया। समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय द्वारा अचल सम्पत्ति पंजिका तैयार किया जाये तथा पूर्व में स्वीकृत अग्रिम के समायोजन के सम्बन्ध में समयबद्ध तरीके से दिनॉक 31.07.2014 तक समायोजन प्रक्रिया सुनिश्चित किया जाये।

अन्य बिन्दु सं.–01 वित्त समिति की बैठक दिनॉक 11 मार्च, 2014 के अन्य बिन्दु सं0–02 (कार्पस फण्ड) के अन्तर्गत जे.ई.ई. बी.एड.–2010 की आय से सृजित किये जाने वाले आधार भूत ढॉचा मद (Corpus Fund Head) से ओ.एन.जी.सी. भवन निर्माण हेतु ओ.एन.जी. सी. से प्राप्त अनुदान रू0 10.00 करोड़ (कर सहित) के सापेक्ष विश्वविद्यालय द्वारा रू0 14. 00 करोड़ का अंशदान स्वीकृत किये जाने के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

अन्य बिन्दु सं.–02 सांस्कृतिकी एवं इनफार्मेशन, पब्लिकेशन एण्ड पब्लिक रिलेशन (आई.पी. पी.आर.) के प्राधिकारियों को मानदेय एवं दूरभाष व्यय प्रतिपूर्ति के प्रस्ताव पर वित्त समिति के कार्यवृत्त दिनॉक 22.07.2010 द्वारा अनुमन्य दरों के अनुरूप (नीचे दी गयी तालिका के अनुसार) दिये जाने के प्रस्ताव को इस प्रतिबन्ध के साथ सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया कि यदि एक ही प्राधिकारी के पास एक ही समय में एक से अधिक ~~व्यय~~ अतिरिक्त का प्रभार होने की दशा में मानदेय एवं दूरभाष प्रतिपूर्ति केवल एक ही कार्य प्रकार के लिए अनुमन्य होगा।

Sanskritiki	Honorarium	Telephone Remb.
Director	2000	1500
Ad. Director	1500	1000
Club President	1000	750
Club Vice-President	750	500
IPPR	**Honorarium**	**Telephone Remb.**
Director	2000	1500
Ad. Director	1500	1000
Dy. Director	1000	750

अन्य बिन्दु सं.–03 दिनांक 31 मई, 2014 एवं 07 जून, 2014 के Building & Works Committee के कार्यवृत्त पर सर्वसम्मति से समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

अन्य बिन्दु सं.–04 स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों में शिक्षक/विषय विशेषज्ञों को निम्नसारिणी के अनुसान मानदेय दिये जाने पर सर्वसम्मति से समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

For UG Self Finance Courses-

Category	UG Self Finance Courses	Payment per lecture (60 minutes)
D	All Courses	Rs. 400

For PG Self Finance Courses-

Category	Range of Annual Fee	Payment per lecture (60 minutes)
C	Upto Rs. 40000	Rs. 400
B	Rs. 40001-Rs. 70000	Rs. 600
A	Rs. 70001 and above	Rs. 800

*Subject to availability of funds in the programme.

अन्य बिन्दु सं.–05 वार्षिक अनुरक्षण/लघु कार्य मद में बजटीय प्राविधान रु0 4.00 करोड़ के सापेक्ष अधिष्ठान मद में व्यय हेतु रु0 1.00 करोड़ अतिरिक्त का प्राविधान करके उक्त बजटीय प्राविधान को बढ़ाकर रु0 5.00 करोड़ करने के प्रस्ताव पर इस शर्त के साथ अनुमोदन प्रदान किया गया कि प्रतिबद्धता के साथ रु0 4.00 करोड़ का व्यय अनुरक्षण कार्य हेतु तथा रु0 1.00 करोड़ का व्यय अधिष्ठान मद में ही किया जाए तथा इसे आगामी अनुपूरक आय–व्ययक में अनुरक्षण/लघु कार्य मद एवं अधिष्ठान मद वार अंकित किया जाये ।

(कै0 अमिताभ प्रकाश)
कुलसचिव

(प्रो0 ए.के. शर्मा)
परीक्षा नियंत्रक

(श्री विद्यासागर शुक्ला)
विशेष सचिव (वित्त)
उ0प्र0 शासन

(प्रो0 ए0 चटर्जी)
वित्त अधिकारी

(डा0 एस. बी. निमसे)
कुलपति